# बिहार विधान सभा वादवृत्त ।

भारत के संविधान के उपबंध के अनुसार एकत्र विधान सभा का कार्य-विवरण।

सभा का अधिवेशन पटने के सभा सदन में बुधवार, तिथि ४ अप्रील, १९५६ को ११ बजे पूर्वाह्न में माननीय उपाध्यक्ष श्री जगत नारायण लाल के सभापतित्व में हुआ।

## अल्प-सूचना प्रश्नोत्तर ।

## Short Notice Questions and Answers.

### DISMISSAL OF SHRI RAM GAGAN SHARMA FROM SERVICE.

425. Shri RANA SHEOLAKHPATI SINGH : Will the Minister in charge of Labour Department be pleased to state—

(1) whether it is a fact that Shree Ram Gagan Sharma was serving as an Assistant Cashier in Sugar Factory, Bihta since 1943;

(2) whether it is a fact that he has been dismissed without any cause;

(3) whether it is a fact that a petition was field before Assistant Labour Commissioner, Patna, if so, when;

(4) what action Government propose to take in this matter?

श्री बीरचन्द पटेल—(१) उत्तर स्वीकारात्मक है।

(२) वास्तव में मैनेजमेंट द्वारा ये बर्खास्त नहीं किए गए थे। जब कारखाना काफी दिनों तक बन्द रहा और जब बहुत दिनों के बाद खुला तो १९५४-५५ के मौसम में काम पर नहीं रखे गए। इसका कारण मैनेजमेंट द्वारा बताया गया है कि श्री शर्मा ने ४ हजार रुपया बिहटा केंद्र को मैनेजमेंट के हिदायत के बावजूद भी दे दिया था और बाकी ७४२ रुपया जो था उसका हिसाब करने में काफी समय उन्होंने लगाया।

(३) उत्तर स्वीकारात्मक है। १५ जून १९५५ को उन्होंने आवेदन-पत्र दिया था।

(४) उचित जांच-पड़ताल के बाद पटना के सहायक श्रमायुक्त ने श्री शर्मा को काम पर वापस ले लेने के लिए मैनेजमेंट को राय दी है। प्रतिवेदन पाने पर सरकार उचित कार्रवाई करेगी।

श्री राणा शिवलाखपति सिंह—यह कब फैसला किया गया कि उनको फिर से रख लिया जाय?

श्री रामानन्द यादव—क्या सरकार यह बतलायगी कि कितने दिनों के भीतर सरकार चुनाव करा सकेगी या प्रोग्राम फाइनलाइज करेगी ?

श्री भोला पासवान—गवर्नमेंट का डिसीशन है कि १९५६ के गीष्मकाल क अन्दर डिस्ट्रिक्ट बोर्ड्स का चुनाव हो जाना चाहिए।

श्री रामानन्द यादव—क्या सरकार यह बतलायगी कि चुनाव संबंधी काम एलक्टोरल रौल, कंस्टिट्यूएन्सी, इत्यादि, इत्यादि डिस्ट्रिक्ट बोर्ड के लिए तय हो गये हैं ?

श्री भोला पासवान—ये सब काम हो रहे हैं और तैयारियां हो रही हैं।

---

## तारांकित प्रश्नोत्तर।
## Starred Questions and Answers.

—८—

### लोकल बोर्ड की सड़कों की मरम्मत।

*१६८९। श्री राम अयोध्या प्रसाद—क्या मंत्री, स्थानीय स्व-शासन विभाग, यह बताने की कृपा करेंगे कि—

(१) क्या यह बात सही है कि चम्पारण जिला के घोड़ासहन थानान्तर्गत भेलवा सर्किल से गोला पकड़िया जाने वाली लोकल बोर्ड सड़क और ग्राम चम्पापुर से निमोइया, बंगरी, इनरवा, फुलवारी जाने वाली लोकल बोर्ड सड़क और ग्राम गोला पकड़िया से मजिरवा, विरता, फुलवार मठिया, भोपथ जाने वाली लोकल बोर्ड सड़क और गोला पकड़िया से सिमरी बाजार ग्राम घुघुआ, बकुलिया सठौरा जाने वाली लोकल बोर्ड सड़क और ग्राम संतपुर से वैद्यनाथपुर तथा सुन्दरपुर से बरवाखुर्द जाने वाली सड़क और ग्राम सीरोपुर से भंगहा कवैया खरसलवा जाने वाली लोकल बोर्ड सड़क और सेमरी बाजार से सपहा भेलवा जाने वाली लोकल बोर्ड सड़क और चैनपुर बाजार से सींगरहिया, अम्बा, लौरवान, सेखटोली, जुमिआ जाने वाली लोकल बोर्ड सड़क तथा सठौरा ग्राम से वरवाकाला, विजयी जाने वाली लोकल बोर्ड की सड़कों की हालत एकदम खराब हो चली है;

(२) यदि खंड (१) का उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या यह बात सही है, कि इन तमाम सड़कों की भिन्न-भिन्न जगहों में जो पहले से पुल बने हुए थे उनके टूट जाने के फलस्वरूप ही उपरोक्त सभी सड़कों की हालत खराब हो चली है;

(३) यदि खंड (२) का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उपरोक्त सड़कों को मरम्मत कराने और भिन्न-भिन्न जगहों में पुल बनाने का विचार रखती है, यदि हां; तो कब से और नहीं, तो क्यों ?

श्री भोला पासवान—(१) इन सड़कों में से केवल पांच सड़कें लोकल बोर्ड की हैं तथा शेष पगडंडी हैं। इन सड़कों की हालत अच्छी नहीं है।

(२) उपलब्ध निधि के अनुकूल जिला परिषद् केवल मुख्य-मुख्य सड़कों को मरम्मत करता आया है।

(३) सरकार के पास अभी कोई ऐसा प्रस्ताव नहीं है। स्थानीय अधिकारियों द्वारा प्रस्ताव आने पर तथा उसमें इन सड़कों की प्रधानता दिए जाने पर दूसरी पंचवर्षीय योजना में सम्मिलित होने के प्रश्न पर सरकार विचार करेगी।

श्री राम अयोध्या प्रसाद—क्या सरकार जिला परिषद् को आदेश नहीं दे सकती है कि इन सड़कों की मरम्मत की जाय ?

श्री भोला पासवान—सरकार ने जिला परिषद् से पूछा है कि किन-किन सड़कों की मरम्मत की जरूरत है। प्रस्ताव आने पर सरकार उनकी प्रधानता के प्रश्न पर विचार करेगी।

श्री राम अयोध्या प्रसाद—क्या सरकार ऐसा मानती है कि जिला परिषद् की ओर से अपना विचार देने में पक्षपात किया जा सकता है ?

श्री भोला पासवान—सरकार पहले ही यह कैसे मान ले सकती है, बिना उनका विचार मालूम हुए।

श्री राम अयोध्या प्रसाद—सरकार ने माना है कि पांच सड़कों की हालत अच्छी नहीं है तो क्या सरकार इसके लिए स्पेशल ग्रांट देकर मरम्मत कराने को सोचती है।

श्री भोला पासवान—नहीं सोचती है।

श्री राम अयोध्या प्रसाद—नहीं सोचने का क्या कारण है ?

श्री भोला पासवान—सरकार की जो योजना है मैंने बतला दिया। अब ग्रांट की बात आप पूछते हैं तो सरकार ऐसा नहीं सोचती है।

श्री राम अयोध्या प्रसाद—क्या सरकार जिला परिषद् को जल्द से जल्द मरम्मत करने का आदेश देगी ?

श्री भोला पासवान—आदेश दे दिया गया है।

---

लोकल बोर्ड की सड़कों पर पुल।

*१६६०। श्री राम अयोध्या प्रसाद—क्या मंत्री, स्थानीय स्व-शासन विभाग, यह बताने की कृपा करेंगे कि—

(१) क्या यह बात सही है कि चम्पारण जिला के ढाका थानान्तर्गत ग्राम नीरपुर से निकल कर मलिया टोला, रघुनाथपुर, लक्ष्मीपुर, महद्दीपुर जाने वाली लोकल बोर्ड